कार्या. फोन : (0522), 2780251, 2781352
ई-मेल : upsanskritsansthanam@yahoo.com

उत्तर-प्रदेश-संस्कृत-संस्थानम्

(भाषा विभाग, उ.प्र. शासन के नियंत्रणाधीन)
संस्कृत-भवनम्, नया हैदराबाद, लखनऊ - 226 007
वेबसाइट : www.upsanskritsansthanam.in

पत्रांक.................................

दिनाङ्क...........................

प्रेषक,

निदेशक,

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान

नया हैदराबाद, लखनऊ।

सेवा में,

निदेशक,

उच्च शिक्षा निदेशालय,

सरोजनी नायडु मार्ग, प्रयागराज -211001

उत्तर प्रदेश।

विषयः - संस्कृत प्रतिभा खोज की प्रतियोगिताओं में छात्रों को प्रतिभाग कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के अधीन गठित उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ कक्षा 6 से स्नातकोत्तर स्तर के छात्र-छात्राओं के मध्य संस्कृत प्रतिभा खोज का आयोजन करने जा रहा है।

इसमें प्रतिभाग करने हेतु किसी भी विषय से स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षा में अध्ययन करने वाले छात्र, महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय http://upsanskritpratibhakhoj.com पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

मंडल स्तर पर आयोज्यमान संस्कृत गीत (युवा वर्ग) तथा राज्य स्तर पर आयोज्यमान संस्कृत भाषण, संस्कृत श्रुतलेखन, संस्कृत अभिनय कुल 4 प्रतिभा खोज में प्रतिभाग करने के इच्छुक प्रतिभागियों के लिए मंडल स्तरीय ऑनलाइन प्रतिभा खोज अर्हता परीक्षा आयोजित होगी। इसमें उत्तीर्ण प्रतिभागी को राज्य स्तर की प्रतिभा खोज में प्रवेश दिया जाएगा है।

मण्डल स्तर पर आयोजित संस्कृत गीत (युवा वर्ग) में प्रथम पुरस्कार हेतु रु.3,000/- द्वितीय पुरस्कार हेतु रु. 2,000/-, तृतीय पुरस्कार हेतु रु. 1,000/- निर्धारित है। राज्य स्तर की प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रु0 11,000/- द्वितीय पुरस्कार रु0 7,000/-, तृतीय पुरस्कार रु0 5,000/- तथा रु0 1,000/- का तीन सान्त्वना पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

मंडल में आयोजित प्रतिभा खोज के प्रत्येक प्रतिभागी को शिक्षक या अभिभावक के साथ विद्यालय / आवास से संस्कृत प्रतिभा खोज स्थल तक आने-जाने हेतु रूपये 400/- मात्र मार्गव्यय उनके बैंक खाते में

दिया जाएगा। राज्यस्तर पर आयोजित संस्कृत प्रतिभा खोज में अभिभावक अथवा शिक्षक के साथ आने वाले प्रतिभागी को टिकट प्रस्तुत करने पर साधारण बस अथवा ट्रेन शयनयान का मार्गव्यय दिया जाएगा।

संस्कृत प्रतिभा खोज परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि

⇨ ऑनलाइन/ ऑफलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि – 25 अगस्त 2023 तक

⇨ मंडल स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा - 20 सितम्बर से 29 सितम्बर 2023 तक

⇨ राज्यस्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज परीक्षा - 28 - 29 अक्टूबर 2023

इस पत्र के साथ संस्कृत प्रतिभा खोज निर्देशिका नियमावली संलग्न है।

अतः अनुरोध है कि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों, महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों तक संस्कृत प्रतिभा खोज की सूचना प्रसारित करने हेतु अपने स्तर से निदेशित करने का कष्ट करें।

संलग्नक- यथोक्त।

भवदीय

(विनय श्रीवास्तव)
निदेशक

पत्रांक 293(2) /सं0सं0/2023 दिनांक- 04 अगस्त 2023

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. विशेष सचिव, उ0प्र0 शासन, शिक्षा अनुभाग-9, लखनऊ।
2. कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4. पत्रावली हेतु।

(विनय श्रीवास्तव)
निदेशक

महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

पत्रांकः 1974 / कु0का0 / 2023 दिनांक 16 / 08 / 2023

प्रतिलिपि

1. निजी सचिव, कुलपति , मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ को इस आशय से प्रेषित कि संस्कृत प्रतिभा खोज की प्रतियोगिता में ज्यादा से ज्यादा छात्रों को प्रतिभाग कराने हेतु सूचना प्रसारित कर उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
3. निदेशक, उ0प्र0 संस्कृत संस्थान, नया हैदराबाद, लखनऊ।

भवदीय

16.08.23
कुलसचिव